राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH

सत्यमेव जयते



रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

संदेश

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारा देश अपने वीर सैनिकों द्वारा राष्ट्र के लिए पराक्रम और नि:स्वार्थ त्याग के अनगिनत उदाहरणों का साक्षी है। हमारे वीर सैनिकों को उनके इस विशिष्ट योगदान के लिए वीरता पुरस्कार देकर भारत के नागरिक उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

वर्ष 2017 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए भारत में प्रथम ऑनलाइन प्लेटफार्म के रूप में वीरता पुरस्कार पोर्टल (www.gallantryawards.gov.in) का शुभारम्भ किया।

मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता है कि रक्षा मंत्रालय, गणतंत्र दिवस 2021 की पूर्व संध्या पर पोर्टल के नए वर्जन की शुरुआत कर रहा है जो हमारे वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों के पराक्रम के सम्पूर्ण प्रदर्शन और उनके शौर्य की प्रशंसा करने के लिए एक वर्चुअल प्लेटफार्म होगा।

यह पोर्टल एक ऐसे मजबूत सामाजिक-सांस्कृतिक पारितंत्र को प्रोत्साहित करेगा जिसमें हमारे वीरता पुरस्कार विजेताओं और उनके परिजनों की वचनबद्धता, समर्पण तथा शक्ति का आदर और सम्मान किया जाता है। नए वीरता पुरस्कार पोर्टल के सर्वाधिक महत्वपूर्ण हितधारक हमारे राष्ट्र की बाल शक्ति (बच्चे) और युवा शक्ति (युवा) होंगे। यह पोर्टल समर्पण की भावना जागृत करने और युवा पुरूषों एवं महिलाओं को "एक नए भारत-एक सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र" हेतु योगदान देने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मैं नए वीरता पुरस्कार पोर्टल के सफलता से विकास और प्रबंधन कार्य में शामिल सभी कार्मिक और हितधारकों को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि उनके संयुक्त समर्पित प्रयासों से यह पोर्टल भारत के भूतपूर्व सैनिकों और युद्ध वीरों के अमर योगदान पर प्रकाश डालने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

"जय हिन्द"

(राजनाथ सिंह)

नई दिल्ली
22 जनवरी, 2021